दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### सड़क दुर्घटना के इवेंट पर पहुंची ईआरवी वाहन, आहतों को पहुंचाया गया अस्पताल

रायगढ़। 3 दिसम्बर को 15.58 बजे ईआरवी लैलूंगा को शिवा पेट्रोल पम्प के पास दो मोटर सायकल के आपस में भिड़त होने पर कुछ लोगों के घायल होने का इवेंट मिला। इवेंट मिलने पर लैलूंगा राइनो मौके पर पहुंचा, जहां एक मोटर सायकल पर सवार (1) लक्ष्मण साव पिता सहनीराम उम्र 34 वर्ष निवासी कसडोल थाना तमनार (2) रामेश्वर पिता फिरू राम उम्र 30 वर्ष (3) प्रदीप राठिया पिता चैतन राठिया 25 साल निवासी कुरूंजखोल थाना घरघोडा तथा दूसरे मोटर सायकल का चालक बेहोश था। आहतों को ईआरवी वाहन एवं माहतारी एक्सप्रेस की मदद से लैलूंगा अस्पताल पहुंचाया गया।

### उत्कृष्ट खिलाड़ियों से 31 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित

रायगढ़, 3 दिसम्बर। छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शासकीय सेवा में नियुक्त करने की नीति के तहत उत्कृष्ट खिलाडियों से 31 दिसम्बर 2018 तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र खेल विभाग के वेबसाईट में ऑनलाईन कर सकते है। आवेदक आवेदन पत्र का प्रिन्ट आऊट समस्त दस्तावेज के साथ 31 दिसम्बर तक संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम जीई रोड रायपुर में जमा कर सकते है। ओलम्पिक एसियाड राष्ट्रमंडलीय खेल, राष्ट्रीय खेल, विश्वविद्यालय खेलों में सम्मिलित हुए हो उन्हीं खेलों में से संबंधित खिलाड़ियों को आवेदन पत्र पर विचार किया जाएगा। जिसके लिए उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित करने के लिए शर्त निर्धारित किए गए है।

### सरकारी पेट्रोल पंप का हाल... बंद हुई मुफ्त की हवा

रायगढ़। घड़ी चौक स्थित सरकारी पेट्रोल पंप में दो महीने पहले ही ग्राहकों को लिए शुरू की गई सुविधाएं बंद हो गई हैं। आइओसी के इस सरकारी पेट्रोल पंप में बीते महीने भर से वाहनों में हवा चेक करनी वाली मशीन खराब पड़ी है लेकिन अंत्यावसायी विभाग के अफसर कुछ नहीं कर रहे हैं। मुफ्त की हवा व पानी के लिए होने वाले खर्च को रोकने के लिए ग्राहकों को दी जाने वाली सुविधाएं बंद कर दी गई हैं। जिससे लोग परेशान हो रहे हैं।

### साईं धाम में किया गया श्रवण यंत्र व छड़ी का वितरण

रायगढ़। शहर की समाजसेवी संस्था टिल्लू मेमोरियल्स एवं संजीवनी नर्सिंग होम के सहयोग से उर्दना स्थित सांईधाम रायगढ़ लोगो को श्रवण यंत्र वितरित किया गया। रविवार को यहां आयोजित एक निशुल्कः स्वास्थ्य शिविर के कार्यक्रम में स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाईयों का वितरण किया गया।

गौरतलब है टिल्लू मेमोरियल्स एवं संजीवनी नर्सिंग होम के सहयोग से कई बार शहर व आसपास क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर लोगो को लाभ पहुंचाया गया है। विशेष कर बुजुर्गो व दिव्यांगो के लिये शिविर का आयोजन निरंतर हो रहा है और उसमें लोग शामिल होकर उसका लाभ उठा रहे है। इस शिविर में बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गो का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार छड़ी एवं श्रवण यंत्र प्रदान किया गया।

## लगातार हादसे के बाद जागा प्रशासन ब्रेकर की होने लगी मरम्मत



रायगढ़। जिले के गली मौहल्ले से लेकर नेशनल हाइवे लोगों के खून से रंग गया है। जिसमें हर आधा दर्जन सड़क दुर्घटना सामने आ रही हैं। इस क्रम में 21 नवम्बर की रात सिद्धि विनायक कालोनी के पास ब्रेकर से घटित सड़क दुर्घटना में स्थानीय पत्रकार की दुर्घटना ग्रस्त हो गया था जिसके दूसरे दिन चंद्रपुर इलाके का रहने वाला मोटरसाइकिल चालक भी दुर्घटना का शिकार ब्रेकर के कारण हो गया था। दोनों घटना के बाद स्थानीय लोगो का आक्रोश सड़क पर देखने को मिला था जिसमें लोग ब्रेकर को हटाए जाने की मांग किये थे।

लोगों के आक्रोश के बाद जिला प्रशासन ने हफ्ते भर बाद उक्त घटना स्थल पर ब्रेकर के पास क्रांकीट का स्लैब बना कर रोड लेवल को बराबर किया जा रहा है। विदित है कि उक्त कार्य अगर निर्माण से पूर्व कर लिया गया होता तो आज सम्भवतः कई लोग चोटिल व किसी की जान नही गवानी पड़ती।

## बालक लापता




रायगढ़। 1 दिसम्बर को थाना लैलूंगा में 15 वर्षीय बालक के पिता ने बालक के गुम हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया। बालक के पिता ने बताया कि दिनांक 30/11/18 के सुबह लगभग 08/00 बजे बालक घर से स्कूल जाने के लिये निकला है किन्तु बालक अपने स्कूल नहीं गया था। बालक के पिता ने यह भी बताया कि इन्होने बालक के स्कूल तथा अपने पुराने घर एवं रिस्तेदारों के यहां बालक का पता किये बालक का पता नहीं चला है। रिपोर्टकर्ता के रिपोर्ट पर अप. क्र. 281/18 धारा 363 ता. हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पत्नी को जलाकर हत्या का प्रयास



रायगढ़। थाना घरघोड़ा के ग्राम चोटीगुड़ा में रहने वाला रत्थो राम उम्र करीब 62 वर्ष अपनी पत्नि बुधवारो बाई उम्र करीब 60 वर्ष के साथ रहता है 2 दिसम्बर की रात्रि दोनों पति-पत्नि खाना-पीना खाकर सोये, दूसरे दिन दिनांक 03.12.18 के सुबह 11.00 बजे दोनों पति-पत्नि के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा विवाद हुआ, जिसे लेकर रत्थो राम अपनी पत्नि बुधवारो बाई की हत्या करने की नियत से खाट में लेटी हुई बुधवारो बाई के उपर पैरा तथा मिट्टी तेल डालकर माचिस से आग लगा दिया। आहिता बुधवारो बाई के चिल्लाने पर रत्थो राम राठिया के आंगन पीछे कोठार में काम कर रहे राम लाल राठिया व उसके कोठार में काम कर रहे मजूदर रत्थो राम राठिया के घर जाकर देखे।

घटना की सूचना घरघोड़ा राइनो को मिलने पर आहिता को ईआरवी वाहन में बिठाकर स्टाफ द्वारा सी.एच.सी. घरघोड़ा में भर्ती कराया गया है।

घटना की रिपोर्ट राम लाल राठिया द्वारा थाना घरघोड़ा में दर्ज कराया गया, रिपोर्ट पर अप.क्र. 386/18 धारा 307 ता.हि. रत्थो राम पिता खड़ी राम राठिया के विरूद्ध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।


## जिले की ग्रामीण सड़के होंगी चकाचक



रायगढ़। रायगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। जिले में इस वर्ष तकरीबन 130 कि.मी. सड़कों का निर्माण कार्य किया जाना है जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। इन सड़कों की प्रशासकीय स्वीकृति राशि करोड़ों रूपय है।

बरसात के बाद विभागीय अमले में कांट्रेक्टर के साथ अभी तक युद्धस्तर पर कार्य करते हुए 31 कि.मी. से अधिक की सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्वक कर लिया गया है। जिसकी गुणवत्ता का परीक्षण राज्य और राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों के द्वारा पूर्ण कर ली गई है। सड़कों को इन समीक्षकों के द्वारा संतोष जनक पाया गया है।

## अनीषा लकड़ा को कार्य पर उपस्थित होने के निर्देश



रायगढ़। कुमारी अनीषा लकड़ा (यादव) माली विगत 6-7 माह से अपने कर्तव्य पर अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। इस संबंध में सहायक संचालक उद्यान, रायगढ़ ने कुमारी अनिषा को अपना स्पष्टीकरण के साथ घरघोड़ा रोपणी में 5 दिनों के भीतर उपस्थित होने के निर्देश दिए है अन्यथा संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## 11 दिसम्बर मतगणना के दिन शराब दुकानें रहेगी बंद

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती शम्मी आबिदी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विधानसभा निर्वाचन 2018 के दौरान मतगणना 11 दिसम्बर 2018 को संपूर्ण दिवस के लिए जिले की नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत देशी मदिरा (सी.एस.-2 घघ), विदेशी मदिरा (एफ.एल.-1 घघ, एफ.एल.-3 होटल बार) दुकानें तथा मद्य भण्डागार रायगढ़ पूर्णतः बंद रखे जाने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है।

## विवेक सारस्वत बने सारस्वत ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष



रायगढ़। सारस्वत ब्राह्मण महासभा ने रविवार को वार्षिक सम्मेलन एवं वार्षिक आम सभा का आयोजन वृन्दावन हाल, सिविल लाइन्स, रायपुर में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश से सारस्वत ब्राह्मण बंधू एकत्रित हुए। इस कार्यक्रम में सचिव गोपाल कृष्ण तावनिया ने वार्षिक प्रतिवेदन एवं आय व्यय पत्रक प्रस्तुत किया एवं भविष्य में प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। अध्यक्ष बीपी शर्मा ने अध्यक्षीय भाषण में समाज को संगठित करने एवं नारीशक्ति के योगदान पर विचार व्यक्त किये। सारस्वत ब्राह्मण महासभा द्वारा शिक्षा, खेल एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल एवं रोचक प्रश्नोतरी आयोजित की गयी जिसमे सभी आयु वर्ग के सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर धापीबाई चंदादेवी तावनिया चौरिटेबल ट्रस्ट, रायपुर के सौजन्य से बच्चों की शिक्षा हेतु स्कालरशीप की घोषणा की गयी एवं महासभा में सक्रिय योगदान हेतु राजा सारस्वत का विशेष सम्मान किया गया।


तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090












स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931